दिन– शुक्रवार दिनांक– 17 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य में आज से जनगणना, दो हजार सत्ताईस का पहला चरण शुरू। नागरिक स्वयं ऑनलाईन दर्ज कर सकेंगे परिवार की जानकारी।

02. लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिला आरक्षण से जुड़े तीन विधेयकों पर संसद में आज भी चर्चा जारी रहेगी।

03. मनोनीत सदस्य हरिवंश नारायण सिंह का तीसरे कार्यकाल के लिए राज्यसभा का उपसभापति चुना जाना तय।

04. और, बीपीएससी ने कहा– शिक्षक नियुक्ति के चौथे चरण की परीक्षा के लिए अगले सप्ताह जारी होगा विज्ञापन।

———————————————————————

राज्य में आज से जनगणना, दो हजार सत्ताईस का पहला चरण शुरू होगा। इस चरण के तहत नागरिक स्वयं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाईन दर्ज कर सकते हैं। यह चरण एक मई तक चलेगा। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

स्वगणना की इस प्रक्रिया में नागरिक सुरक्षित वेब–पोर्टल एसई डॉट सेंसस डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर परिवार के मुखिया का नाम और किसी भी एक सदस्य के मोबाईल नम्बर से पंजीकरण कर सकते हैं। स्व–गणना के बाद संबंधित व्यक्ति को एक आईडी प्राप्त होगी। प्रगणक के घर आने पर यह आईडी उन्हें उपलब्ध करानी होगी। सरकार के अनुसार स्व–गणना नहीं कर पाने की स्थिति में निर्धारित अवधि में प्रगणक संबंधित व्यक्ति के घर आकर जानकारी दर्ज करेंगे। यह प्रक्रिया एक मई तक चलेगी। इसके बाद दो मई से मकानों का सूचीकरण और मकानों की गणना शुरू होगी, जो इकतीस मई तक चलेगी। जनगणना का दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में आयोजित किया जाएगा। इसमें आयु, लिंग, व्यवसाय, साक्षरता और जाति संबंधी विवरण एकत्र किए जाएंगे। इस अभियान में देशभर में तीस लाख से अधिक फील्ड वर्कर्स शामिल होंगे। जनगणना दो हजार सत्ताईस देश की इतिहास की सोलहवीं और आजादी के बाद आठवीं जनगणना है। समाचार कक्ष से सविता पारीक।

———————————————————————

लोकसभा में आज संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक 2026 पर चर्चा जारी रहेगी। इन तीनों विधेयकों का उद्देश्य लोकसभा तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिला सदस्यों की संख्या बढ़ाना है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम 2023, के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए लगभग एक–तिहाई सीटें आरक्षित की गई है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कल संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक, 2026 लोकसभा में पेश किया था। इस विधेयक का उद्देश्य लोकसभा की सीटों की

संख्या 543 से बढ़ाकर 850 करना है। 850 सीटों में से 815 सदस्य राज्यों से और 35 सदस्य केंद्र शासित प्रदेशों से चुने जाएंगे।

कल लोकसभा में इन तीनों विधेयकों पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि देश की पचास प्रतिशत आबादी को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि इस कानून को लागू करते समय किसी भी राज्य के साथ अन्याय नहीं होगा।

---साउंड बाईट---

प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों से अपील की कि वे इस ऐतिहासिक विधेयक को राजनीतिक रूप न दें, क्योंकि यह सभी और देश के लोकतंत्र के लिए लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि जो लोग अब इस विधेयक का विरोध करेंगे, उन्हें भविष्य में इसके परिणाम भुगतने होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने परिसीमन के बाद दक्षिणी राज्यों की लोकसभा सीटों की संख्या में कमी को लेकर विपक्ष की आशंकाओं को खारिज कर दिया।

---साउंड बाईट---

चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि पंचायतों और नगरपालिकाओं में महिला आरक्षण का प्रावधान सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने लागू किया था।

---साउंड बाईट---

चर्चा में भाग लेते हुए लोक जन शक्ति पार्टी (रामविलास) की शाम्भवी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के कार्यान्वयन से संबंधित कानूनों का समर्थन किया।

---साउंड बाईट---

जनता दल यूनाइटेड की लवली आनंद ने कहा कि यह केवल एक कानून नहीं है, बल्कि देश की आधी आबादी के अधिकारों और नेतृत्व को बहाल करने का एक सशक्त संकल्प है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज इस चर्चा का जवाब देंगे।

---

पटना में आज नारी शक्ति वंदन थीम पर राष्ट्रीय फन-रन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सुबह छह बजे पटना के जे.पी. गंगा पथ पर हरी झंडी दिखाकर फन रन को रवाना किया। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित संशोधन विधेयकों के पारित होने पर महिलाओं की संसद और राज्य विधानसभाओं में भागीदारी बढ़ेगी।

---साउंड बाईट---

इस दौरान पूर्व मंत्री श्रेयसी सिंह ने बताया कि संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संशोधन विधेयक को लेकर चल रही चर्चा के समर्थन में इस रन का आयोजन किया गया है।

---साउंड बाईट----

आयोजन में पटना नगर निगम की मेयर सीता साहू समेत लगभग चार हजार महिलाएं और छात्राएं शामिल हुई।

-----------------------------------

राज्यसभा में आज उप–सभापति के लिए चुनाव होगा। केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा नामांकित सदस्य श्री हरिवंश नारायण सिंह को राज्यसभा के उपसभापति के रूप में चुने जाने का प्रस्ताव करेंगे। श्री हरिवंश ने कल उपसभापति पद के लिए नामांकन दाखिल किया। विपक्ष की ओर से इस पद के लिए कोई नामांकन दाखिल नहीं किया गया है। इस आधार पर श्री हरिवंश का तीसरे कार्यकाल के लिए इस पद पर निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है।

-----------------------------------

शिक्षक नियुक्ति के चौथे चरण की परीक्षा के लिए जल्द ही विज्ञापन प्रकाशित किया जायेगा। बिहार लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में अधिसूचना अगले सप्ताह तक जारी कर दी जायेगी। उन्होंने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया इस महीने के अंतिम सप्ताह में शुरू होने की सम्भावना है।

---साउंड बाईट---

चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के तहत शिक्षा विभाग समेत अन्य विभागों में छियालीस हजार आठ सौ बयासी पदों पर नियुक्ति होनी है।

-----------------------------------

विशेष निगरानी इकाई ने पूर्णिया में बिहार शिक्षा परियोजना के सहायक अभियंता भूषण प्रसाद को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सहायक अभियंता मापी पुस्तिका पर हस्ताक्षर करने के लिए संवेदक से रिश्वत ले रहा था।

-----------------------------------

आईपीएल क्रिकेट में आज गुजरात टाइटन्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। यह मैच अहमदाबाद में शाम साढे सात बजे से खेला जायेगा। वहीं, कल खेले गये मुकाबले में पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हरा दिया।

-----------------------------------

राजगीर खेल अकादमी में आयोजित तेरहवीं सीनियर राष्ट्रीय रग्बी सेवेंस चैंपियनशिप में बिहार की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुये दो मैचों में जीत हासिल की। मेजबान टीम ने मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के खिलाफ एकतरफा जीत हासिल की।

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित पुरूष टी–ट्वेंटी ट्रॉफी में दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज और पश्चिम चम्पारण की टीमों ने अपने–अपने मैच जीत लिये हैं।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर संसद में जारी चर्चा से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– लोकसभा में पीएम ने सर्वसम्मति से बिल पारित कराने की अपील की। कहा– परिसीमन पर किसी राज्य के साथ पक्षपात नहीं।

दैनिक जागरण ने इसी खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– उत्तर और दक्षिण के राज्यों में कोई भेदभाव नहीं, यह मेरी गारंटी– मोदी।

दैनिक भास्कर लिखता है– एक्शन में सीएम सम्राट, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का अल्टीमेटम दोहराया।

प्रभात खबर ने लिखा है– टीआरई–चार में छियालीस हजार आठ सौ बयासी शिक्षकों की होगी भर्त्ती, अगले हफ्ते से मंगाये जायेंगे आवेदन।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– बिहार विधान परिषद की सीवान सीट के लिए भी उपचुनाव का ऐलान।

आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने आज से शुरू हो रहे जनगणना के पहले चरण से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य में आज से जनगणना, दो हजार सत्ताईस का पहला चरण शुरू। नागरिक स्वयं ऑनलाईन दर्ज कर सकेंगे परिवार की जानकारी।

02. लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिला आरक्षण से जुड़े तीन विधेयकों पर संसद में आज भी चर्चा जारी रहेगी।

03. मनोनीत सदस्य हरिवंश नारायण सिंह का तीसरे कार्यकाल के लिए राज्यसभा का उपसभापति चुना जाना तय।

04. और, बीपीएससी ने कहा– शिक्षक नियुक्ति के चौथे चरण की परीक्षा के लिए अगले सप्ताह जारी होगा विज्ञापन।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।